लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -105, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, रविवार, 12 मई 2024
www.amritvichar.com



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, परिवार का महत्व और बदलता स्वरूप व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



सरफरोश के सीक्वल में काम करना चाहते हैं आमिर...-13

आज का मौसम: 39.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 23 | सूर्यास्त 18 : 47


जय भीम! जय भारत!



BSP
बहुजन समाज पार्टी



## हमारा संकल्प

1. खीरी एवं देवकली में रेलवे स्टेशन बहाल किए जाएँगे
2. हर जोन में जन सहायता केंद्र
3. युवाओं के लिए डिजिटल ट्रेनिंग और ई-लाइब्रेरी
4. सरकारी ठेकों में स्थानीय श्रमिकों को 70% आरक्षण
5. सशक्त कानून व्यवस्था झूठे केस बंद, फास्ट्रैक व्यवस्था से केस से त्वरित निदान, हथियार युक्त महिला पुलिस
6. खीरी में पर्यटन विकास
7. बीज केंद्रों में ग्रीन हाउस प्रशिक्षण
8. किसानों की जमीन का कोई अधिग्रहण नहीं
9. 30 दिन के अंदर गन्ने की फसल का भुगतान
10. महिला सशक्तिकरण केंद्र की स्थापना महिलाओं के लिए कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर

नमूना डमी ई.वी.एम.

1.
2.
3. बहुजन समाज पार्टी अंशय कालरा
4.
5.
6.
7.
8.
9.

आने वाली 13 मई 2024 को हाथी के बटन को दबा कर बहन मायावती को विजयी बनाये



# अंशय कालरा (रॉकी जी)

बसपा प्रत्याशी | 28 खीरी लोकसभा

# बदला मौसम : तेज हवाओं संग बूंदाबांदी ने दी राहत

## छाए काले बादलों ने सुबह के समय कराया रात का अहसास, भीषण गर्मी से मिली राहत तो वहीं सूखती फसलों के लिए बनी अमृत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया। शनिवार सुबह अचानक काले बादलों ने जिले को घेर लिया और फिर तेज हवाएं चलने लगी। ऐसे में घर से बाहर निकले लोगों के लिए धूल भरी आंधी मुसीबत बन गई। बरसात होने से धूल भरी आंधी के साथ लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। जिले में बारिश की रफ्तार कहीं तेज तो कहीं धीमी रही। मगर, बारिश होने की वजह से किसानों को काफी राहत मिली।

गर्मी से मार से बेहाल लोगों के लिए शनिवार का दिन राहत लेकर आया। हालांकि दो तीन दिन से मौसम करवट ले रहा था। मगर, शनिवार सुबह पूरी तरह से करवट लेकर राहत की बारिश ने लोगों को सराबोर कर दिया। मौसम के बदले मिजाज से सुबह के समय अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सुबह के समय बादल छाए देखकर लोग बारिश होने की संभावना जताने लगे थे, जो कुछ देर बाद ही सच साबित हो गई। सुबह सात बजे तक धीमी रही हवाओं ने आधे घंटे बाद ही विकराल रूप अख्तियार कर लिया। पल भर में आसमान में छाए काले बादल और धूल भरी आंधी ने दिन में ही रात का एहसास करा दिया। काली घटाओं की वजह से दो और चार पहिया वाहनों के चालक हेड लाइट जलाकर चलने के लिए मजबूर हो गए। इसके बाद शुरू हुई बारिश ने भीषण गर्मी से राहत दिलाकर किसानों के चेहरे पर खुशियां बिखेर दी। दोपहर करीब 12 बजे तक मौसम सुहावना बना रहा। ऐसे में लोगों को गर्मी में सर्दी का एहसास हो गया। हालांकि दोपहर बाद निकली धूप की वजह से एक बार अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।



बादलों की वजह से सड़क पर छाया अंधेरा। अमृत विचार


पलिया के एक घर की छत से गिरता पानी।


जिला पंचायत कार्यालय में भरा बारिश का पानी।

### बारिश में कस्बे की मुख्य सड़कों पर भरा पानी

**भीरा लखीमपुर, अमृत विचार :** शनिवार सुबह तेज हवाओं संग रिमझिम बारिश शुरू हो गई। इससे खेतों में सूख रही गन्ना, मक्का, धान आदि की फसलों को राहत मिली, क्योंकि पिछले दिनों से हो रही भीषण गर्मी से जनमानस को राहत मिल गई। हल्की बारिश में कस्बे की मुख्य सड़कों पर पानी भरने से नागरिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं इस बरसात ने नगर पंचायत की ओर से किए जा रहे सफाई के दावों की पोल खोल दी।

### बारिश देखकर किसानों के चेहरे खिले

**निघासन खीरी, अमृत विचार :** तेज हवाओं के साथ हुई बरसात ने गर्मी से राहत दिलाई। वहीं इससे फसलों को भी फायदा पहुंचा है। खेतों मे सुखने की कगार पर खड़ी फसलें लहालहाने लगी, जिससे किसानों के चेहरे खिल गए। पिछले माह से चल रही गर्म हवाओं ने मई में विकराल रूप धारण कर लिया। इंसान के साथ पशु पक्षी तक भयंकर गर्मी से परेशान होकर त्राहिमाम करने लगे थे। सूखती फसलों को बचाने के लिए किसान बरसात होने की प्रार्थना करने लगे थे। ऐसे में शनिवार सुबह बारिश की फुहारें धरती पर गिरता देखकर किसानों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। हालांकि बारिश बहुत ज्यादा तो नहीं हुई, पर जितनी हुई उतनी गन्ना, आम, तोरई, लौकी, कद्दू, भिंडी के अलावा अन्य मौसमी फसलों के लिए अमृत साबित हुई। किसान नक्षत्र सिंह, अमर सिंह, राणा प्रताप सिंह, रमेश चंद्र तिवारी, अजय कुमार आदि ने बताया कि बारिश न होने से फसल सूखने लगी थी। तेज धूप और गर्म हवाओं की वजह से फसलों को बार बार पानी देने की जरूरत पड़ रही थी, लेकिन महंगाई के चलते बार बार सिंचाई करना छोटे किसानों के बस में नहीं था। ऐसे में इस बारिश ने कम जोतकार वाले किसानों को राहत दी है।

# कंट्रोल रूम में मौजूद रहेंगे अफसर, नंबर जारी

**लोकसभा चुनाव**

▸▸ मतदाता इन मोबाइल नंबरों पर सूचना देकर कर सकेंगे शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में कंट्रोल रूम बना है। इसमें अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है, जो शिफ्टों में तैनात रहकर सूचना और शिकाय सुनेंगे। पहली शिफ्ट प्रातः 05 से दोपहर01.30 बजे तक रहेगी और दूसरी शिफ्ट में अधिकारी दोपहर 01.30 बजे से रात 10 बजे तक मौजूद रहेंगे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मतदान वाले दिन कोई भी कंट्रोल पर संदेश, सूचना से लेकर शिकायत कर सकेंगे।

**कंट्रोल रूम का नंबर- 05872-299065, 299066**

**कंट्रोल रूम में तैनात अधिकारी**

1. लखीमपुर -उप निदेशक कृषि अरविंद मोहन मिश्रा-8840918169
   जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह-7007849089
2. श्रीनगर -जिला कृषि अधिकारी अरवंदि चौधरी 8545066880
   -जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी अभय सागर 9454601980
3. निघासन -जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम-9450229760
   -प्रधानाचार्य आईटीआई वाईडीसिंह-7054475697
4. पलिया -जिला उद्यान अधिकारी मृत्युजंय सिंह-7398566565
   -सहायक निदेशक (मत्स्य) संजय यादव-7991338375
5. गोला -सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता रजनीश प्रताप सिंह 9559164565
   -अर्थ एवं संख्याधिकारी एकता श्रीवास्तव-8887927439
6. कस्ता -जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी-9454465383
   - प्रधानाचार्य जीआईसी जगत प्रकाश सिंह-9424672408
7. धौरहरा -उपायुक्त श्रम एवं रोजगार विपिन चौधरी-9415192188
   -परियोजना अधिकारी डूडा अजय सिंह-9451246772
8. मोहम्मदी -बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी-9453004171
   -एएओ (बेसिक) गिरिजा शंकर पांडेय-6392694329।

# डीएम की चेतावनी बेअसर बीएसए ने रोका वेतन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

| | |
|---|---|
| प्रशिक्षण शिविर में अनुपस्थित रहे | - 47 |
| शिक्षामित्र | - 29 |
| सहायक अध्यापक | -15 |
| अनुचर | - एक |
| प्रधान अध्यापक | - दो |

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के तहत धर्मसभा इंटर कॉलेज में चुनाव ड्यूटी करने वालों के लिए प्रशिक्षण शिविर लगा, जिसमें से बेसिक शिक्षा विभाग के 47 लोग गायब रहे। जबकि रोजाना निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिलने वालों के लिए डीएम कार्रवाई के निर्देश देते रहे।

बावजूद इसके बीएसए बीएसए शिक्षकों से लेकर शिक्षामित्रों को प्रशिक्षण दिलाने में नाकाम रहे। या यूं कहें कि अनुचर से लेकर शिक्षामित्र और शिक्षकों पर डीएम के निर्देश का कोई असर नहीं दिखा। वहीं प्रशिक्षण शिविर में अनुपस्थित रहने वालों की क्या मजबूरी होगी यह तो वही बता सकते हैं। मगर, एक साथ इतने लोगों का बिना सूचना दिए अनुपस्थित रहना अनुशासनहीनता दर्शाता है। हालांकि शनिवार को बीएसए ने प्रशिक्षण में गैरहाजिर रहने वालों को वेतन और मानदेय बाधित करने के निर्देश दिए हैं।

# तर्क-वितर्क के साथ चुनावी चर्चाओं ने पकड़ा जोर

**बिझौली, अमृत विचार:** लोक सभा चुनाव के चौथे चरण का 13 मई को मतदान होना है। मतदान की तिथि नजदीक आते ही जगह-जगह चुनावी चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। चौक चौराहों से लेकर दुकानों में राजनीतिक बहस छिड़ी रहती है।

चौक चौराहों पर चाय और पान की दुकानों में लोग चुनाव एवं प्रत्याशियों से संबंधित तर्क वितर्क करते दिखाई पड़ रहे हैं। एक ओर बुजुर्ग चुनाव से संबंधित पुराने दिनों की याद ताजा कर रहे हैं तो युवा आज की राजनीति पर अपना विचार रखते दिखाई पड रहे हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशियों की जीत हार और मत प्राप्त करने से संबंधित आंकलन भी किया जा रहा है। बुजुर्ग बताते हैं कि पहले आज की तरह महंगा चुनाव नहीं था, प्रत्याशी पैदल या फिर साइकिल से गांव में जनसंपर्क कर वोट मांगते थे। अब तो मात्र 15 से 20 दिनों में हर जगह जाना पड़ता है। ऐसे में प्रत्याशियों को लोगों की समस्याओं को समझने का भी मौका नहीं मिल पाता। हर कोई अपने तर्क से अपने पसंदीदा उम्मीदवार के जीतने की बात कह रहा था, जिसे लेकर बहस भी हो जा रही है।

## सार-संक्षेप

### मतदान दिवस को बंद रहेगा दुधवा का पर्यटन

**पलिया कलां, अमृत विचार :** दुधवा नेशनल पार्क एवं किशनपुर वन्य जीव प्रभाग में आगामी 13 मई को होने वाले मतदान दिवस को लेकर पार्क पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग के उपनिदेशक डॉ रंगा राजू टी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 चतुर्थ चरण के लिए मतदान 13 मई को है। इसको लेकर दुधवा राष्ट्रीय उद्यान व किशनपुर वन्य जीव विहार में पर्यटन बंद रहेगा।

### फंदे से लटकता मिला ग्रामीण का शव, हत्या की आशंका

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** अपनी ससुराल में रह रहे पीलीभीत के 45 वर्षीय ग्रामीण की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव शनिवार को पेड़ से लटका बरामद हुआ है। परिजन हत्या कर शव लटकाने की आशंका जाहिर कर रहे हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पीलीभीत जिले के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव खांडेपुर निवासी मोहनलाल (45) की ससुराल पलिया कोतवाली के गांव लालापुर ढाका में है। वह कई वर्षों से अपनी ससुराल में ही रह रहा था। शनिवार की सुबह उसका शव गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला। उसके गले में रस्सी का फंदा कसा हुआ था। शव लटका होने की खबर मिलने पर परिवार और ससुराल के लोग मौके पर पहुंचे। शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। परिजन हत्या कर शव लटकाने की आशंका जाहिर कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**पसगवां, अमृत विचार :** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर जहानीखेड़ा के निकट अज्ञात कार की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार की शाम लगभग छह बजे की है। हरदोई की कोतवाली पिहानी के गांव सलेमपुर निवासी श्याम (26) पुत्र सूरज प्रकाश अपने साथी अमन कुमार (23) पुत्र बृजेन्द्र कुमार के साथ बाइक से जा रहे थे। जहानीखेड़ा के निकट अज्ञात कार ने बाइक को जोर से टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अमन कार में फंसकर आधा किमी दूर तक घिसटता चला गया। दोनों घायलों को गंभीर हालत में सीएचसी पसगवां लाया गया। श्याम ने रास्ते में दम तोड दिया। जबकि गम्भीर रूप से घायल अमन को जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया है। चालक कार लेकर फरार हो गया है।

### गैर इरादतन हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना भीरा पुलिस ने गांव पहाड़ापुर निवासी उमेश कुमार की मौत के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को चालान कर पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया। एसओ पंकज त्रिपाठी ने बताया कि घटना तीन अप्रैल 24 की रात करीब 12 बजे हुई थी। गांव पहाड़ापुर निवासी उमेश कुमार घर पर अकेला था। तभी गांव के कुलदीप पांडेय, कीर्ति पांडेय और अनुराग सक्सेना उसके घर में घुस गए थे और लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया था। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में घायल उमेश कुमार की बहन नेहा पांडेय की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने शनिवार को आरोपी कुलदीप पांडेय व अनुराग सक्सेना को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

### पति-सास ने बेटी से मिलने आई मां को जमकर पीटा, केस

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** अपनी विवाहित पुत्री से मिलने गांव बांसखेड़ा आई महिला की दामाद ने अपनी मां के साथ मिलकर जमकर मारा पीटा। इससे वह घायल हो गई। सदर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। थाना खीरी के मोहल्ला बुखारी टोला निवासी रुकसाना ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री चांदनी की शादी तीन साल पहले सहनूर पुत्र कमरू निवासी बांसखेडा के साथ की थी। वह अपनी पुत्री से मिलने बांसखेडा आई थी। दामाद सहनूर व उसकी मां छोटकन्नी उसके साथ गाली गलौज करने लगी। विरोध करने पर दोनों ने लाठी से पिटाी कर दी। साथ आए पडोस के शेरू की बाइक भी लाठी-डंडों से प्रहार कर क्षतिग्रस्त कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### नौकरी के नाम पर ठगी, तीन पर केस

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो लगाकर बेरोजगार युवाओं से नौकरी के नाम पर 12 लाख रुपये ठगे जाने के मामले में कंपनी के तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की रिपोर्ट दर्ज की है। दो दिन पहले एसपी कार्यालय पहुंचे युवक और युवतियों ने एसपी को तहरीर देकर बताया था कि आरकेडी नाम की कंपनी का अप्रैल महीने में कार्यालय लालपुर बैरियर के पास खोला गया था। खुद को कंपनी का अधिकारी बताने वालों ने बताया का था कि कंपनी तरन तारन पंजाब की है। युवाओं का कहना था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो लगाकर कंपनी के कथित अधिकारियों ने बताया कि डीएम से सेनेटरी पैड पैकिंग की अनुमति मिल गई है। एसपी के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने गाजीपुर के रमवीपुर निवासी सुधांशु यादव, बिहार के बनियापुर सरन निवासी निरंजन कुमार बिहार के बक्सर जिले के गांव ब्रह्मापुर निवासी अभिषेक सिंह और लखनऊ निवासी चालक सुनील कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि धोखाधड़ी व अमानत में खयानत की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच एसआई पशुपति नाथ तिवारी को सौंपी गई है।


आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर में जागरूक करते शिक्षक।

### मतदाता जागरुकता रैली निकालकर लोगों को किया प्रेरित

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शिक्षक, शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर गोष्ठी का आयोजन कर 13 मई को होने वाले मतदान में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाने के लिये प्रेरित किया। गोष्ठी में विद्यालय संरक्षक अरविंद पांडे ने शिक्षक शिक्षिकाओं छात्र-छात्राओं को मतदान करने के लिए जागरूक करते हुये कहा कि भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक नागरिक को मतदान करना आवश्यक है। प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने कहा कि सभी लोग अपने घर जाकर मतदान के लिए निवेदन करेंगे और पास पड़ोस के भी लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। चंदा दीक्षित, साहिब, शिवा बानो, दरक्षा, परवीन, मुस्कान, रचना चौधरी, आकाश तिवारी, अरुण कुमार आदि शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सड़क पर उतरे दिव्यांग

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** जिले में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए शनिवार को दिव्यांगों ने शहर में रैली निकालकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर दिव्यांगों की जागरूकता रैली रवाना की। डीएम ने दिव्यांगजनों को मतदान का संकल्प दिलाया। इसके बाद रैली शहर के मुख्य मुख्य मार्गों से होकर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। दिव्यांगों ने नारा दिया कि जन-जन की यही पुकार, वोट डालना अबकी बार। आदर्श मूक बधिर विद्यालय के दिव्यांग बच्चों एवं नगर के दिव्यांग जनों ने पहले मतदान फिर जलपान, मतदान करना हमारा अधिकार एवं कर्तव्य है, मतदान करें। दिव्यांगजनों को मतदाता जागरूकता कैप देकर सम्मानित किया। जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी तौसीफ अहमद आदि मौजूद रहे।

### कल्पना ने पत्ती आर्ट के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

**रोशननगर, अमृत विचार :** पूरे जिले में मतदान जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सभी अपने अपने तरीके से मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। तो वही जिले में लीफ आर्टिस्ट के रूप में अपनी पहचान बना चुकी कल्पना तिवारी ने भी पत्ती कटिंग के माध्यम से लोगों जागरूक कर 13 मई को मतदान के लिए अपनी पत्ती आर्ट के माध्यम से आम जनता से अपील की है।




# बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को समझाया मतदान का महत्व

संपूर्णानगर

**अमृत विचार:** सोनिया इंटरनेशनल स्कूल मझरा पश्चिम के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ प्रबंधक ऋतुराज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। स्कूल के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया। साथ ही शिक्षकों के साथ मिलकर लोगों को मतदान का महत्व बताया। इस दौरान छात्र वोट डालने को प्रेरित करने वाले अलग-अलग नारे लगा रहे थे।

प्रबंधक ऋतुराज सिंह ने छात्रों को बताया कि एक-एक वोट की कीमत बहुमूल्य होती है। रैली सोनिया इंटरनेशनल स्कूल से शुरू होकर मझरा पश्चिम, सम्पूर्णानगर तिराहा, खजुरिया होते हुए वापस स्कूल में समाप्त हुई। पलिया के माडर्न मदरसा मिफ्ताहुल उलूम के बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ मोहल्लों मे पहुंचकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु जागरूक किया। इस दौरान प्रधानाचार्य मंसूब हुसैन खान, अंदेज कुमार, हाफिज मोहम्मद आसिफ, सोनम खान,सबा उस्मानी, आरजू फिरदौस, कहकशा, शमा परवीन, सबनूर,साजिया बानो आदि रहे।



मतदाता जागरुकता रैली निकालते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों ने रैली निकाल कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जगाई अलख

**निघासन, अमृत विचार :** ढखेरवा चौराहा स्थित सरदार पटेल एकैडमी के बच्चों ने शुक्रवार सुबह गाजे-बाजे के साथ मतदाता रैली निकाली। रैली को विद्यालय प्रबंधक संत शरण वाजपेई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चों ने पहले करो मतदान फिर करो जलपान आदि विभिन्न संदेश देकर मतदाताओं को जागरूक किया। यह रैली ढखेरवा चौराहे के धौरहरा, लखीमपुर और पढुआ आदि मार्गो पर भ्रमण कर मतदाता जागरूकता की अलख जगाई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक व स्थानीय पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### शिक्षकों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**संवाददाता, बांकेगंज, अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बांकेगंज पर खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र बांकेगंज पर शिक्षकों द्वारा कस्बे की गलियों और सड़कों पर रैली निकाल कर सभी लोगों से 13 मई को मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान करने की अपील की गई। रैली में शिक्षकों के हाथों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने की अपील करने वाले स्लोगन लिखे पंपलेट थे। एआरपी मुकेश वर्मा, वीरेंद्र कुमार, अनूप पांडे, पंकज वर्मा, पंकज सिंह, हरिओम, सुनील कुमार, सर्वेश कुमार, प्रदीप वर्मा, राजकुमार, संदीप कुमार, सरिता, सुवि, प्रेरणा, दिनेश कुमार शर्मा सहित तमाम शिक्षक शामिल हुए।

# युवा मतदान को तैयार, रोजगार मुद्दे पर करेंगे वोट

**लोकसभा चुनाव**

▸▸ बुजुर्ग बोले-राष्ट्रवाद व विकास के नाम पर पड़ेगा हमारा वोट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में सोमवार को मतदान होगा। खीरी से लेकर धौरहरा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले समस्त प्रत्याशी वोटरों से तमाम वादे और दावे कर मतदाताओं को लुभाने में जुटे हैं। इसके लिए पिछले करीब सात दिन में विभिन्न पार्टियों के नेता जिले में आकर रैली कर चुके हैं। इसमें मतदाताओं को लुभाने में कोई पीछे नहीं रहा है। मतदाता इस बार मगर, युवा बेहतर शिक्षा और रोजगार के नाम पर वोट करने की बात कर रहे हैं। तो वहीं बुजुर्ग मतदान के लिए राष्ट्र और विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं।


मितौली निवासी वसीम ने बताया कि लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करेगें। इसको लेकर बेहद खुश हूं कि इस बार सांसद चुनने में हमारी भी सहभागिता होगी। हमारा वोट बेरोजगारी को दूर करने वाले, क्षेत्र का विकास करने के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने वाले को होगा।


मितौली निवासी राम खेलावन मौर्य का कहना है कि सोमवार को आठवीं बार वोट डालेगें। हमार वोट उसी को होगा जो आमजन की समस्याएं सुनने वाला हो और किसानों की समस्याओं को दूर कराए। शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर बिजली पानी की बेहतर सेवा मुहैया कराकर जर्जर सड़कों से निजात दिलाए।


पलिया निवासी प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव का कहना है कि संविधान ने मतदान का अधिकार दिया है। इसलिए वोट जरूर डालेगें। जाति धर्म के नाम पर बल्कि देश को विकास के पथ पर ले जाकर विश्व में नाम रोशन करने वाले दल को हमारी प्राथमिकता रहेगी।


पलिया के मोहल्ला रंगरेजान निवासी रितिक मिश्रा का कहना है कि सोमवार को पहली बार वोट डालने का गौरव प्राप्त हो रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करेगें। हमारा वोट बेहतर शिक्षा और रोजगार को प्राथिमकता देने वाले को जाएगा।


बीए की छात्रा स्नेह अवस्थी बताती हैं कि महिलाओं की तरक्की, उनकी बेहतर शिक्षा व महिला सशक्तिकरण की दिशा में बेहतर कार्य करने वाले दल को वोट करेगें। क्षेत्र के विकास के साथ रोजगार के साधन मुहैया कराने वाले को प्राथमिकता देगें।

# शिक्षिकाओं ने छात्राओं को मतदान का दिलाया संकल्प

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर शिक्षिका वंदना शुक्ला ने छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। उन्होंने यह भी कहा कि आप सब नव निर्माण की नींव हैं। अत: सभी एक-एक मजबूती ईंट के समान हैं। उन्होंने नारा लगाया कि आपका वोट आपकी आवाज है, इसलिए वोट अवश्य करें। शिक्षिका रीना गुप्ता ने बच्चों को मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। बच्चों को मतदान करने के अधिकार की महत्ता बताते हुए प्रधानाचार्य डॉ पूनम वर्मा ने बताया कि भारत में मतदान का अधिकार जिन लोगों को दिया गया है उन्हें हर हाल में मतदान करना चाहिये।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### जिलाधिकारी ने किया तहसील सदर का निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शनिवार को सदर तहसील में चल रहे विधानसभा सांडी व गोपामऊ के निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हॉल में साफ सफाई करायी जाये। प्रकाश व्यवस्था को बेहतर किया जाये। दस्तावेजों को व्यवस्थित ढंग से रखा जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### शहर की सड़कों पर गूंजी डीएम की मतदान की अपील

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मतदाता जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वैन शहर के विभिन्न मार्गो व चौराहों से होकर गुजरी। कुंडी खटकाओं टीम ने सिनेमा चौराहा, बड़ा चौराहा, नुमाइश चौराहा, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित सभी प्रमुख स्थानों पर मतदाता जागरूकता कैलेंडर वितरित किये। वैन के माध्यम से जिलाधिकारी की मतदान की अपील का प्रसारण भी किया गया। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की कि सभी मतदाता 13 मई को मतदान अवश्य करें।

### पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर की बैठक

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में व्यवस्थाओं को लेकर बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी वाहनों में जीपीएस लगाया जाये। डिस्पैच टेबल के ऊपर तिरपाल की व्यवस्था की जाये। कंट्रोल रूम से मतदान पार्टियों की रवानगी से सम्बंधित सूचनाएं लगातार प्राप्त की जाएं। बैठक में सीडीओ सौम्या गुरुरानी भी उपस्थित रहीं।

# निष्पक्ष मतदान कराना पहली प्राथमिकता

## डीएम व एसपी ने पुलिस लाइन में पुलिस व सुरक्षा बल के जवानों को दिए निर्देश

हरदोई

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने सामान्य लोकसभा चुनाव में लगे पुलिस जवानों और अर्द्ध सैन्य बलों के जवानों को निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराने की जिम्मेदारी समझाई।

शनिवार को पुलिस लाइन में डीएम और एसपी ने कहा कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन का पालन करें। निष्पक्ष तरीके से शांतिपूर्ण चुनाव हो, सभी इसी ज़िम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का पालन करना होगा। कहा कि निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराना आयोग की प्राथमिकता है। इसमें किसी तरह की कोताही न होने पाए। जिले के 50 प्रतिशत बूथों पर वेबकॉस्टिंग का इंतज़ाम किया गया है। कलक्ट्रेट में कंट्रोल रूम बनाया गया है। कैमरों की निगरानी में वोट पड़ेंगे। पुलिस के अधिकारियों की कड़ी निगरानी रहेगी। पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान कड़ी चौकसी रखेंगे।

अधिकारियों का दौरा भी ज्यादातर इन्हीं बूथ पर रहेगा। कहीं कोई गड़बड़ी होती दिखती है तत्काल पुलिस-प्रशासन एक्शन में आ जाएगा। जिले में 17 हजार पुलिसकर्मियों की डयूटी चुनाव में लगाई गई है। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट है। जवानों को लोकसभा चुनाव के दौरान भय मुक्त और शांतिपूर्ण मतदान को लेकर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। पोलिंग बूथ से 200 मीटर दूर तक सब दुकानें बंद रहेगी। पुलिस लाइन में हुई ब्रीफिंग में सीडीओ सौम्या गुरु रानी, एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार, एडीएम प्रियंका सिंह, सीओ सिटी अंकित मिश्रा, सीओ हरियावां संतोष कुमार सिंह, सीओ हरपालपुर रवि प्रकाश सिंह, सीओ बघौली विनोद कुमार दुबे, सीओ शाहबाद अनुज मिश्रा, एलआईयू इंस्पेक्टर श्रीश शर्मा, एसआईयू इंस्पेक्टर अमित चौधरी के अलावा सभी एसएचओ मौजूद रहे।


पुलिस लाइन में ब्रीफिंग को संबोधित करते जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी व सीडीओ सौम्या गुरुनानी।


पुलिस लाइन मैदान में मौजूद अर्धसैनिक बल एवं पुलिस के जवान। अमृत विचार

**इंटरनेट मीडिया की निगरानी बढ़ी**

एएसपी पूर्वी श्री कुमार और एएसपी पश्चिमी श्री सिंह ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर जिले की पुलिस ने इंटरनेट मीडिया की निगरानी बढ़ा दी है। एसपी आवास में बने इंटरनेट मीडिया सेल की सक्रियता चुनाव को लेकर और बढ़ा दी है। यहां शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। 100 से अधिक ग्रुपों की पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। इसके अलावा मीडिया सेल चुनाव को लेकर सक्रिय कर दी गई है। 24 घंटे वॉट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के ग्रुपों पर नजर रखी जा रही है। भड़काऊ पोस्ट पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बंद हुआ चुनाव प्रचार का शोर

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में 13 मई को होने वाले मतदान के लिए शनिवार की शाम पांच बजे से चुनाव प्रचार बंद हो गया। ध्वनि विस्तारक यंत्र से होने वाला शोर पांच बजते ही थम गया। अब प्रत्याशी घर-घर जनसंपर्क में पूरी तन्मयता से लग गए हैं।

चौथे चरण में जिले में मतदान होगा। 13 मई को होने वाले चुनाव के लिए शनिवार की शाम पांच बजे चुनाव प्रचार बंद हो गया। चुनाव में जनता को अपने पक्ष में करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपनी-अपनी रैलियां की। रैली व ध्वनि विस्तारकों का शोर चुनाव के 48 घंटे पहले थम गया। अब प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं की कुंडी खटका रहे हैं। देर रात तक प्रत्याशियों और उनके समर्थकों का जनसंपर्क चलता रहा। जिले में हरदोई व मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र आते हैं। हरदोई लोकसभा में सवायजपुर, शाहाबाद, हरदोई, गोपामऊ व सांडी विधानसभा क्षेत्र आता है। वहीं मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में जिले की बिलग्राम-मल्लावां, बालामऊ व संडीला विधानसभा आती है। दोनों लोकसभा क्षेत्रों के 30 लाख 12 हजार 336 मतदाता लोकसभा सांसदों का भविष्य तय करेंगे। जनता को अपने पक्ष में करने के लिए प्रत्याशी दिन-रात एक किए हुए हैं। चुनाव प्रचार थमने के साथ ही लोगों को जिले से बाहर कर दिया जो यहां के मतदाता नहीं हैं।

# तृतीय रैण्डमाइजेशन पूरा, मतदान कार्मिकों को बूथों का हुआ आवंटन

**हरदोई,अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में कार्मिकों को बूथ आवंटन के लिए सामान्य प्रेक्षक हरदोई लोकसभा व सामान्य प्रेक्षक मिश्रिख लोकसभा की उपस्थिति में शनिवार को एनआईसी कक्ष में मतदान कार्मिकों का तृतीय रैण्डमाइजेशन संपन्न हुआ। इस तृतीय रैण्डमाइजेशन के साथ ही मतदान कार्मिकों व माईक्रोऑब्जर्वरों को बूथों का आवंटन हो गया। रैण्डमाइजेशन की सम्पूर्ण तकनीकी प्रक्रिया जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा और उनकी टीम के द्वारा संपन्न करायी गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्मिकों की ड्यूटी का वितरण मतदान पार्टियों की रवानगी से पूर्व कराया जायेगा। इस मौके पर सीडीओ सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह मौजूद रहीं।



शनिवार को एनआईसी कक्ष में रैंडमाइजेशन करते प्रेक्षक। अमृत विचार

# रिजर्व कार्मिकों के लिए अलग व्यवस्था

हरदोई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शनिवार को मतदान पार्टी रवानगी स्थल आईटीआई व सीएसएन कॉलेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण टेबल के ऊपर तिरपाल लगाया जाये। वाहनों को निर्धारित स्थान पर ही खड़ा कराया जाये। पेयजल की उचित व्यवस्था की जाये। रिजर्व कार्मिकों को अलग कक्ष में बैठने की व्यवस्था की जाये। कक्ष में एक टीवी लगायी जाये। मेडिकल कैम्प लगवाया जाये।

बैरिकेटिंग व्यवस्थित तरीके से लगवाई जाये। अगर व्यवस्था में कोई कमी रह गयी हो तो उसे तत्काल दुरुस्त कराया जाये। कार्मिकों की सुविधा के लिए बैनर लगवाए जाएं। आईटीआई व सीएसएन के उपरांत जिलाधिकारी ने ईवीएम संग्रह स्थल मंडी परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि परिसर में सफाई करा ली जाये। प्रकाश का उचित प्रबंध किया जाये।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।


आईटीआई में दिशा निर्देश देते डीएम एमपी सिंह। अमृत विचार



सीएसएन कॉलेज में चुनाव के लिए लगी बसें। अमृत विचार

# पूरे दिन चलती रही वाहनों की आमद व ड्यूटी प्रक्रिया

हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में कल होने वाले मतदान के लिए शनिवार को पूरे दिन वाहनों की आमद पार्टी रवानगी स्थलों पर होती रही। परिवहन विभाग ने जीआईसी व सीएसएन मैदान में शिविर लगाकर ड्यूटी में लगे वाहनों को ड्यूटी प्रमाण पत्र सौंपे तथा अन्य आवश्यक कार्यवाइयां कीं।

बताते चलें कि कार्मिकों को ले जाने के लिए 716 बसें लगाई गई हैं। कर्मचारियों को ले जाने के लिए इस बार ट्रक नहीं लगाए गए हैं। कर्मचारियों को अपना वाहन ढूंढने में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए वाहनों पर पार्टी संख्या, क्रम संख्या आदि स्पष्ट रूप से वाहनों के अगले शीशे पर चस्पा कर दिए गए हैं। 26 बसें रिजर्व में रखी जाएंगी। ईवीएम को कलेक्शन सेंटर से स्ट्रांग रूम तक ले जाने व अन्य व्यवस्थाओं के लिए 34 डीसीएम लगाई गई हैं। लगभग एक हजार छोटी गाड़ियों की व्यवस्था भी की गई है। जिसमें जोनल, सेक्टर व माइक्रो आब्जर्वर जाएंगे। 361 गाड़ियां सेक्टर मजिस्ट्रेटों आदि के लिए लगाई गई हैं। अन्य छोटे वाहनों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल आदि चलेंगे। शनिवार देर शाम तक सभी वाहन अधिग्रहित किए गए। चुनाव में लगे सभी वाहनों पर जीपीएस लगाए जाएंगे, जिससे उनकी लोकेशन आदि की जानकारी हो सके। वाहन चालकों को उनके गंतव्य का मानचित्र आदि प्रदान कर दिया गया है।

वाहनों की सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। वाहनों के प्रवेश व निकास के लिए अलग-अलग द्वार बनाए गए हैं। जिलाधिकारी ने वाहनों को निर्धारित स्थान पर खड़ा करने व चूना डालकर उनका स्थान स्पष्ट रूप से चिन्हित करने के निर्देश दिए।


जीआईसी में ड्यूटी लेते वाहन चालक। अमृत विचार

### मतदान पर निगाह रखने को बनाए गए 10 कंट्रोल रूम

**हरदोई, अमृत विचार।** 13 तारीख को शांतिपूर्ण निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए जनपद मुख्यालय व जनपद के समस्त आठ विधानसभा क्षेत्रों में कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए आज रविवार दोपहर 12 बजे से मतदान समाप्त तक यह कंट्रोल रूम अनवरत संचालित रहेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय पर कंट्रोल रूम में सहायक निर्वाचन अधिकारी तैनात रहेंगे। इस कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर 9454418068 है। यह जिला निर्वाचन कार्यालय पर स्थापित किया गया है। इसी प्रकार जनपद स्तर पर एक अन्य कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट में आईजीआरएस सेल में बनाया गया है। जिसका मोबाइल नंबर 7017231132 है। इसी प्रकार विधानसभा सवायजपुर का कंट्रोल रूम तहसील सवायजपुर में, विधानसभा शाहाबाद का तहसील शाहाबाद पर, विधानसभा हरदोई का तहसील सदर में, विधानसभा गोपामऊ का नगर पंचायत कार्यालय गोपामऊ में, विधानसभा सांडी का नगर पालिका सांडी में, बिलग्राम-मल्लावां विधानसभा का तहसील बिलग्राम में तथा विधानसभा संडीला का कंट्रोल रूम तहसील संडीला कार्यालय पर बनाया गया है।


चुनाव के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम। अमृत विचार

## सांडी खेड़ा के पास हादसे में तीन घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो लोग घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के सीएचसी लाया गया,जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रिफर किया गया। थाना पचदेवरा के ग्राम खुजगी पुर निवासी अनंतराम पुत्र रघुनाथ सिंह अपने साथ अनूप कुमार पुत्र मटरू लाल को लेकर अपने बहनोई के घर सवायजपुर से वापस आ रहे थे। तेज रफ्तार होने की वजह से सांडी खेड़ा के पास उनकी मारुती वैन अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमे दोनो घायल हो गए।घायलों को एम्यूलेंस से सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# बसपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय पर रहा सन्नाटा

रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद

**अमृत विचार।** हरदोई सुरक्षित लोकसभा चुनाव हेतु प्रचार अभियान थम गया है। 13 मई को यहां पर मतदान होना है। भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मतदाताओं से लगातार संपर्क में है और उनके कार्यालयों पर भी भीड़भाड़ देर रात तक बनी रहती है लेकिन बहुजन समाज पार्टी के अल्लाहपुर स्थित कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने के बाद से कुर्सियां खाली पड़ी रहीं। कार्यालय में एक भी व्यक्ति दिखाई नहीं दिया। भारतीय जनता पार्टी ने हरदोई शाहजहांपुर हाईवे पर आवास विकास में अपना कार्यालय स्थापित किया है, और समाजवादी पार्टी ने बासित नगर चौराहे पर अपना कार्यालय बनाया जबकि बहुजन समाज पार्टी का देर से ही सही लेकिन अल्लाहपुर सैदी खेल में अच्छा चुनाव कार्यालय बनाया गया। इस कार्यालय पर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता तो छोड़ दीजिए पदाधिकारी भी नदारद रहे।

बसपा के इस कार्यालय की जिम्मेदारी किस को सौपी गई, कौन कार्यालय प्रभारी बनाया गया। यह आज तक मीडिया कर्मी भी नहीं जान पाए। इक्का-दुक्का लोग इस कार्यालय पर कभी कभार मोबाइल चलाते हुए देखे गए लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के मल्लावां में जनसभा करने के बाद से इस कार्यालय पर पूरी तरह से सन्नाटा पसर गया। फोटो में हमारे पाठक साफ देख सकते हैं कि यह फोटो दोपहर के लगभग तीन बजे का है और इस कार्यालय पर पूरी तरह से सन्नाटा दिखाई दे रहा है। कार्यालय पर बैठने वाले लोगों से जब पूछा गया कि कार्यालय का प्रभारी कौन है तो बताया गया कि कार्यालय का प्रभारी कोई नहीं है और सभी कार्यालय प्रभारी हैं। यहां बहुजन समाज पार्टी के नेताओं के रूप में पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ चुके पवन रस्तोगी और कफील खां को माना जाता है। कफील खां ने पूंछने पर बताया कि वह अभी-अभी कार्यालय से घर पर खाना खाने आए हैं। खाली पड़े कार्यालय का फोटो मत छापिएगा लेकिन यह फोटो अमृत विचार के हाथ लग चुका था। इसलिए अमृत विचार ने इस फोटो का प्रकाशन किया है। बताया यह जाता है कि बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के देर में आने की वजह से बहुजन समाज के मतदाताओं में अपने प्रत्याशी के प्रति कोई खासी दिलचस्पी नहीं है, इसलिए बहुजन समाज के लोग कार्यालय से और प्रत्याशी से दूरी बनाए हुए हैं।



अल्लाहपुर स्थित बसपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय पर पसरा सन्नाटा।

# आखिरी समय में प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में लगाया जोर

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** मिश्रिख लोकसभा सीट पर चुनाव का प्रचार-प्रसार अंतिम चरण में है। प्रत्याशी के समर्थक में बिलग्राम-मल्लावां विधानसभा में एक बार फिर विधायक आशीष सिंह आशू और बृजेश वर्मा टिल्लू आमने सामने हैं। ऐसे में दोनों पार्टियों के प्रत्याशियों के प्रचार -प्रसार में एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत तो सपा से संगीता राजवंशी और बसपा प्रत्याशी बीआर अहिरवार में चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। चुनाव प्रचार अंतिम चरण में है। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में विधायक आशीष सिंह आशू गांव-गांव जाकर वोट मांग रहे हैं। लोक सभा चुनाव में विधायक के लिए विधानसभा रियटी चेक करने का मौका है तो मतदाताओं से मिलने का अवसर भी है। अब लोक सभा चुनाव से भाजपा के पक्ष का माहौल भी पता चल सकेगा कि मतदाता का क्या मिजाज है। तो दूसरी ओर सपा प्रत्याशी के पक्ष में बृजेश वर्मा टिल्लू गांव -गांव कार्यकर्ताओं के साथ जाकर मतदाओं से सम्पर्क कर रहे है। सबसे खास बात यह है कि विधायक आशीष सिंह और बृजेश वर्मा एक ही गांव देवनपुर के रहने वाले है जो कुर्मी बिरादरी से आते हैं। देखना यह है कि कुर्मी बिरादरी का वोट बैंक भाजपा या सपा किसके साथ रहेगा, तीसरी ओर बसपा का भी विधानसभा प्रभारी कुर्मी बिरादरी से मुकेश वर्मा है। ऐसे में उन्होंने अभी तक अपने भाग्य को नहीं आजमाया, लेकिन बसपा में कुर्मी चेहरे के रूप में अपने को मंच से साबित करते रहे है। चुनाव इसलिए ओर दिलचस्प है, क्योंकि विधानसभा में कुर्मी मतदाताओं की अच्छी खासी आबादी है। तीनों पार्टियों में जिस तरफ मतदाताओं का झुकाव रहेगा उसका पलड़ा भारी देखने को मिल सकता है।




### लाभार्थी वोटरों का होगा योगदान

भाजपा प्रत्याशी के लिए सबसे ज्यादा विभिन्न लाभकारी योजनाओं के लाभार्थियों के मतदाताओं की संख्या भी मजबूत आधार मानी जाती है। इस लिहाज से लोकसभा में बड़ा तबका लाभार्थी वोटरों का भी है। जो निर्णायक साबित होगा।

### किसान भी होंगे निर्णायक

चुनाव में छोटे से छोटा मुद्दा फर्क डाल देता है। छुट्टा जानवरों से किसान कई वर्षों से परेशान है। अपनी परेशानी उसने अधिकारियों को पहुंचाने के लिए सार्वजनिक भवनों को इन जानवरों को बंद किया। सरकार गोवंशों के संरक्षण के लिए तमाम पैसा पानी की तरह बहा रही है, लेकिन यह गोवंश संबंधित विभागों और अधिकारियों की अनदेखी के चलते किसानों के मुश्किल बने हुए हैं। किसानों की नाराजगी छुट्टा गोवंशों को लेकर ज्यादा है।

**क्या है मतदाताओं की चुप्पी :** लोक सभा चुनाव में भाजपा एक तरफ हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और मंदिर के साथ सरकारी योजनाओं को ढाल बनाकर वोट मांग रही है तो सपा ओबीसी आरक्षण, महंगाई, रोजगार को लेकर वोट की अपील कर रही है। बसपा अपना कैडर वोट और सवर्ण, मुस्लिम वोट साधकर ताल ठोकती दिख रही है। ऐसे में मतदाताओं की चुप्पी कुछ साफ बोलने को तैयार नहीं है, चुनाव का एक दिन ही बचा है। अब देखना है कि ताज किसके सर सजेगा।

## दुकानदार पर ब्लैक में खाद देने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के एक खाद विक्रेता पर एक किसान ने मूल्य से अधिक पैसे लेकर पोटाश खाद देने का आरोप लगाते हुए एसडीएम कार्यालय में लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। तहसील क्षेत्र के ग्राम पसिगवां निवासी शिवराम पुत्र रामकुमार ने बताया वह खाद लेने कस्बे के बस स्टैंड के निकट बाबूराम खाद भंडार से पोटाश खाद खरीदने गया था। खाद विक्रेता ने वंशिका नाम की पोटाश खाद दी जिस पर 1,425 रुपए मूल्य था, लेकिन 1750 रुपए दुकानदार ने लिए। उसके द्वारा रसीद मांगने पर उसे गाली गलौज कर दुकान से भगा दिया। किसान ने एसडीएम और जिला कृषि अधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजा है।

## सार-संक्षेप

### अनुदेशकों को जारी हुआ ईडीसी, कर सकेंगे मतदान

**हरदोई, अमृत विचार।** चुनाव ड्यूटी में लगाए गए तकरीबन दो सैकड़ा अनुदेशकों को ईडीसी ( इलेक्शन ड्यूटी सार्टिफिकेट ) जारी न होने खुद को वोटिंग करने से दूर रहने का डर सता रहा था। उन्होने शनिवार को डीएम, प्रेक्षक और सदर तहसील के न सिर्फ चक्कर लगाए बल्कि मीडिया से अपना दर्द भी साझा किया। उनका कहना था कि ईडीसी जारी न होने पर वे वोटिंग नहीं कर सकेंगे। लेकिन शाम को उन्हे ईडीसी जारी कर दिया गया। बताते चले कि लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगाए गए अनुदेशक सदर तहसील में इकट्ठा हुए,उनका कहना था कि ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सार्टिफिकेट) जारी न होने से उन्हे चुनाव ड्यूटी के दौरान वोटिंग से दूर रहना पड़ सकता है। अनुदेशक अपनी बात ले कर डीएम की ड्यूढी पर पहुचें,वहां कुछ बात नहीं बनी, उसके बाद वे सभी प्रेक्षक से मिलने पीडबल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचें,लेकिन वहां भी कुछ नहीं हुआ। फिर बात एसडीएम सदर तक पहुंची। उन्होंने अनुदेशकों की बात सुनी और उसका हल निकाले जाने का भरोसा दिया। एसडीएम सदर ने बताया कि चुनाव ड्यूटी में लगे अनुदेशकों को ईडीसी जारी कर दिया गया है,अब वे आसानी से अपना वोट डाल सकेंगे। इसके बाद से अनुदेशकों ने काफी राहत महसूस की है। बीएलओ,जिन्हे वोटिंग न कर पाने का डर सता रहा था, एसडीएम सदर का कहना है कि जिस बूथ का बीएलओ होगा, वह अपने बूथ पर वोटिंग करेंगे और उसके बाद अपनी ड्यूटी का कर्तव्य निभाएंगे। उन्होंने बीएलओ से कहा है कि वे बूथ पर पहुंच कर पहले वोट करें और बूथ का पहला वोटर बनने का गौरव हासिल करेंगे।

### प्रदेश में संविधान व लोकतंत्र बचाने की लहर : शाहिद

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव शाहिद खान ने शनिवार को दौलतपुर गंगादास, लोनी, चठिया, उस्मानपुर सहित एक दर्जन ग्राम सभाओं में नुक्कड़ सभाएं की। नुक्कड़ सभाओं में उन्होंने कहा कि आज देश में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है जिसके चलते देश का नौजवान निराशा और हताशा में जिंदगी जी रहा है। प्रदेश सचिव ने कहा आज बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाया गये संविधान को भारतीय जनता पार्टी खत्म करना चाहती है। आप सब लोगों को जागरूक होकर भारतीय जनता पार्टी का सफाया करना है। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी श्रीमती उषा वर्मा जी को भारी मतों से जिताना है। सभा में उपस्थित लोगों ने ऊषा वर्मा को जीताने का संकल्प लिया और कहा कि 13 तारीख को उषा वर्मा के पक्ष में एक-एक वोट डलवाने का काम करेंगे। मुंशीलाल चंचल, मोहम्मद हनीफ, ज्ञानी जैल सिंह, फूलचंद, गंगाराम, संकेत कुमार, गोविंदा, बबलू, मनोज, सूरज, इतवारी, रघुवीर आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### भाजपा विधायक ने की नुक्कड़ सभा

**सवायजपुर, हरदोई, अमृत विचार।** विधानसभा सवायजपुर के लोकप्रिय विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने शुक्रवार को नुक्कड़ सभा में कुंडा पार क्षेत्र में पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनता से मांगे वोट ओर नुक्कड़ सभा आयोजित करने वाले उधन वर्मा का धन्यवाद दिया। जानकारी के अनुसार कुंडा पार गांव दहेलिया व खरगपुर सरेसर आदि गांवों में विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने नुक्कड़ सभा में जनता से भाजपा के समर्थन में वोट डालने की अपील की। नुक्कड़ सभा में मंडल महामंत्री राजेश तिवारी राजू, मंडल महामंत्री धर्मपाल सिंह, ब्रह्मानंद दीक्षित, अभिराम सिंह, कल्लू प्रधान बेडीजोर, राधेश्याम तिवारी, दहेलिया प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### घर में फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

**बिलग्राम, हरदोई।** थाना क्षेत्र के चौधी पुरवा गांव में एक किशोरी ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। 15 वर्षीय ममता पुत्री राम रतन निवासी ग्राम चौधरी पूर्व कटनी छिबरामऊ ने घर के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों ने कमरा खोल के देखा कि किशोरी का शव फंदे से लटका था। मौके पर पहुंची ने किशोरी के शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किशोरी द्वारा आत्महत्या की वजह परिजन भी नहीं बता सके। एसएचओ नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बीमारी के चलते पत्रकार का निधन, साथियों में शोक

**हरदोई, अमृत विचार।** काफी समय से बीमार चल रहे पत्रकार की उपचार के दौरान मौत हो गई। खबर मिलते ही तमाम गणमान्य लोग उनके आवास पर पहुंचे तथा शोक संवेदना व्यक्त की। दैनिक अमृत विचार से जुड़े बेहटा गोकुल निवासी मोहित सिंह का बीमारी के चलते लखनऊ में निधन हो गया। वह अपने पीछे दो पुत्र 11 वर्षीय अहम व आठ वर्षीय जिगर को पीछे छोड़ गए हैं। यह समाचार मिलते ही प्रधान शरद सिंह, रंजीत सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उनके आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को कर दिया गया। वहीं अमृत विचार से जुड़े पाली निवासी शिवाकांत बाजपेई के पिता सत्यप्रकाश बाजपेई उर्फ बेचे लाल (85) का निधन शनिवार को अचानक हृदय गति हो जाने से हो गया। दोनों मृत आत्माओं की शांति के लिए अमृत विचार जिला कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें ईश्चर से परिजनों को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करने की कामना की गई। शोकसभा में वीरेश शुक्ला, खालिद अंसारी, आलोक बाजपेई, शोभित सिंह, राजीव मिश्रा, अनुज श्रीवास्तव, राजू, पूर्ण कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे। सभी ने मृतात्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।



मोहित सिंह।

# स्लीपर बने जनरल कोच, जिम्मेदार मौन

हरदोई

**अमृत विचार।** भारतीय रेल को लोगों की लाइफ लाइन कहा गया है, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से यह लाइफ लाइन यात्रियों को परेशान करने लगी है। भारतीय रेल में समय के साथ कई बदलाव कर रही है जिसका लाभ रेल यात्रियों को मिल रहा है, लेकिन यही भारतीय रेल गरीब और मध्यम वर्ग के लिए मुसीबत बनती जा रही है।

एक समय में जहां ट्रेनों में जनरल और स्लीपर के कोच की संख्या अधिक होती थी वहीं अब बीते एक से दो वर्षों में लगातार ट्रेनों से स्लीपर और जनरल कोच की संख्या घट रही है। हाल यह है कि जनरल कोच ट्रेन में आगे या पीछे लग रहे हैं। इसकी सटीक जानकारी भी रेल यात्रियों को नहीं लग पा रही है। स्लीपर कोच लगातार घटते जा रहे हैं। ऐसे में एक्सप्रेस मेल ट्रेनों में जनरल कोच के यात्री स्लीपर में यात्रा करते मिल रहे हैं जिसका खामियाजा स्लीपर में आरक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को उठाना पड़ रहा है। जनरल कोच कम होने और जनरल कोच की सटीक जानकारी न होने के चलते यात्री अनारक्षित टिकट लेकर स्लीपर में यात्रा कर रहे हैं। ऐसे में आरक्षित टिकट के लिए अधिक रुपए देकर 2 से 3 महीने पहले टिकट बुक कराकर आराम से सफर करने की इच्छा रखने वाले यात्रियों को ट्रेन के अंदर भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि स्लीपर में आरक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्री शौचालय तक नहीं जा पा रहे हैं, साथ ही यात्रियों को सामान की भी चिंता रहती है।



स्लीपर कोच पर चढ़ते यात्री। अमृत विचार

### महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को अधिक समस्या

भारतीय रेल के संचालन के साथ यात्री सुविधाओं का जिम्मा रेलवे बोर्ड संभालता है। यात्रियों को हो रही समस्या रेलवे बोर्ड और मंडल रेल कार्यालय को नजर नहीं आ रही है। लगातार रेल यात्री सोशल मीडिया पर शिकायतें दर्ज करा रहे हैं, लेकिन इन शिकायतों का न ही रेलवे बोर्ड पर असर है और न ही मंडल रेल कार्यालय पर कोई असर पड़ रहा है। भारतीय रेल अपने कोषागार को भरने के नए प्रयास में लगा हुआ है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों की असुविधाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शाम होते-होते हरदोई रेलवे स्टेशन पर हजारों की संख्या में यात्री पहुंच जाते हैं। हरदोई रेलवे स्टेशन का प्रतिदिन 10000 से अधिक का फुट फाल है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर जब ट्रेन पहुंचती है तो यात्री ट्रेन में चढ़ने के लिए काफी ज्यादा जद्दोजहद करते नजर आ रहे हैं। बिना किसी भय के अनारक्षित टिकट लेकर आरक्षित कोच में यात्रा करने के लिए चढ़ जाते हैं। अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों ने बताया कि उनके पास कोई विकल्प नहीं है। जनरल कोच ट्रेनों में एक या दो लग रहे हैं जबकि पहले से ही जनरल कोच में यात्रियों की संख्या दुगने चौगुनी होती हैं। साथ ही जनरल कोच की ट्रेन में सटीक जानकारी नहीं मिल पाती है। यात्रियों ने बताया कि कभी जनरल कुछ आगे आता है तो कभी जनरल को पीछे। ऐसे में उन्हें पूरी ट्रेन का लंबा सफर तय करना होता है जबकि ट्रेन का ठहराव महज 2 मिनट का ही होता है। यात्रियों ने मांग की है कि रेलवे बोर्ड यात्रियों को हो रही असुविधा पर ध्यान दें। यात्रियों ने कहा कि जिस ट्रेन की मांग अधिक है उस ट्रेन की जनसाधारण क्लोन बनाकर संचालित कर दी जाए जिससे यात्रियों को लाभ मिल सके। साथ ही मेल एक्सप्रेस ट्रेन में भी यात्रियों को हो रही असुविधा से बचाया जा सके।



### इन ट्रेनों में है यात्रियों की भीड़

रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रेन में चढ़ने के लिए जद्दोजहद करते नजर आते हैं। यात्रियों की इस जद्दोजहद में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। ऐसे में किसी दिन बड़ा हादसा भी सामने आ सकता है। हरदोई का प्लेटफार्म नंबर एक पहले से काफी नीचा है ऐसे में ट्रेन में चढ़ने के लिए महिलाओं बुजुर्गों को काफी कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। स्लीपर कोच अब अनारक्षित कोच जैसा नजर आने लगा है, इसलिए स्लीपर कोच में चढ़ने के लिए भी यात्रियों को काफी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। कई बार रेल यात्री सोशल मीडिया पर रेल प्रशासन से इसकी शिकायत करते हैं, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकल पाता है। हरदोई से होकर जाने वाली पंजाब मेल, चंडीगढ़ एक्सप्रेस, किसान एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, दिल्ली मेल, अवध असम एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों को सबसे ज्यादा कठिनाई हो रही है। साथ इन ट्रेनों में स्लीपर कोच जनरल कोच की तरह नजर आ रहे हैं।

### झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना

**हरदोई, अमृत विचार।** पिछले कुछ दिनों से हवा का रुख बदल गया था। कई दिनों से पुरवा हवाएं चल रही थी। पुरवा हवाओं का असर शनिवार को देखने को मिला। सुबह से ही मौसम बदलना शुरू हो गया। दिन में अंधेरा छा गया घने काले बादलों ने कुछ हिस्सों में झमाझम बारिश की, जिससे मौसम सुहावना हो गया। बताते चलें आठ दिन पहले जिले में भयंकर गर्मी पड़ रही थी। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, लेकिन पिछले तीन-चार दिनों से हवाओं में बदलाव हुआ। पुरवा हवाओं ने मौसम को ठंडा कर दिया था। शनिवार सुबह से ही आसमान में बादल छाने लगे। धीरे-धीरे बादल घने होते गए। घने बादलों ने जिले के शाहाबाद क्षेत्र में अच्छी बारिश कर दी। बेहटागोकुल, टोंडरपुर तथा आसपास के क्षेत्र में जोरदार बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया। जिले के कुछ हिस्सों में हुई जोरदार बारिश से जहां तापमान में गिरावट आएगी, वहीं लोगों को प्रचंड गर्मी से भी राहत मिलेगी। जिले में 13 मई को होने मतदान होना है, यदि मौसम ठंडा बना रहा तो मतदान प्रतिशत बढ़ सकता है।

# बोरवेल का टीला धंसने से मिट्टी के नीचे दबे पिता-पुत्र, बालक की मौत

## इकसई गांव में हुए हादसे से हड़कंप, ढाई घंटे तक चला ऑपरेशन रेस्क्यू

माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** पिता-पुत्र बंद पड़े बोरवेल से ईंटे निकाल रहे थे, उसी बीच टीला धंसने से दोनों मिट्टी के नीचे दब गए। इसका पता होते ही पुलिस ने पोकलैंड मशीन से करीब ढाई घंटे तक ऑपरेशन रेस्क्यू चलाते हुए पिता-पुत्र को बाहर तो निकाल कर फिलहाल पिता को तो बचा लिया गया, लेकिन उसके पुत्र को नहीं बचाया जा सका। इस तरह का हादसा माधौगंज थाने के इकसई गांव में होना बताया गया है।

इकसई गांव निवासी 45 वर्षीय बंशीलाल लुधियाना के एक पैलेस में हलवाई का काम करता था,होली पर वह गांव आया हुआ था। बंशीलाल शनिवार की सुबह पुत्र जसवंत (13) को साथ लेकर बंद पड़े बोरवेल से ईंटें निकाल रहा था, उसी बीच मिट्टी का टीला धंस गया और पिता-पुत्र उसके नीचे दब गए। इसका पता होते ही वहां गंगा एक्सप्रेस-वे पर काम कर रहे मज़दूर दौड़ पड़े। माधौगंज पुलिस पहुंच गई। दोनों पिता-पुत्र को बचाने के लिए पुलिस ने एक्सप्रेस-वे पर काम में लगी पोकलैंड मशीन से ऑपरेशन रेस्क्यू शुरू किया गया। करीब ढाई घंटे तक चले ऑपरेशन रेस्क्यू के बाद मिट्टी में दबे बंशीलाल और उसके पुत्र जसवंत को बाहर निकाला गया। बंशीलाल तो बच गया, लेकिन जसवंत को नहीं बचाया जा सका। पुलिस के अलावा फोरेंसिक टीम वहां हादसे से जुड़े हर एक पहलू की जांच कर रही है।



बोरवेल के पास धंसी मिट्टी व मृतक बच्चे जसवंत की फोटो (इनसेट में)।

### चार बहनों का इकलौता भाई था जसवंत

इकसई निवासी बंशीलाल की चार बेटियों 19 वर्षीय ज्योति, 17 वर्षीय दिव्या, 12 वर्षीय जुड़वां नीतू और श्वेता से बड़ा 13 वर्षीय इकलौता पुत्र जसवंत था। शनिवार की सुबह एका-एक हुए दर्दनाक हादसे की खबर सुन कर हर कोई सहम गया। बंशीलाल के इकलौते बेटे की मौत होने से उसके घर में मौत का मातम बरपा हो गया है।

### 9वीं का छात्र था जसवंत

इकसई के बंशीलाल की चार बेटियों में इकलौता बेटा जसवंत ज्ञानवती इण्टर कालेज में 9 वीं का छात्र था। हादसे में उसकी मौत होने की खबर सुन कर उसके कालेज में हड़कंप मच गया। साथ में पढ़ने वाले तमाम छात्र उसके घर की तरफ दौड़ पड़े। आस-पड़ोस के कई गांवों के लोग भी बंशीलाल के घर के बाहर इकट्ठा हो गए।

# पिटाई के भय से घर से भागे तीन बच्चे, दस घंटे बाद मिले

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदासी से तीन बच्चों के अचानक लापता हो जाने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। पूरी रात्रि लापता बच्चों के परिजन और गांव वासी बच्चों को ढूंढते रहे। सुबह 3 बजे के आसपास प्यास से व्याकुल बच्चे सड़क पर पहुंचे और गांव एक व्यक्ति ने ग्राम वासियों को सूचना दी। तत्काल बड़ी संख्या में वहां पर ग्रामवासी पहुंचे बच्चे मिल जाने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र से ग्राम भदासी निवासी प्रवेश कुमार कश्यप का पुत्र सौरभ 12 वर्ष, अरविंद कश्यप का पुत्र अनमोल 12 वर्ष तथा रावेंद्र सक्सेना का पुत्र संजीव नौ वर्ष बकरियां चराने के लिए खेतों पर गए थे। शाम तकरीबन 6:00 बजे गांव के रमाकांत के गन्ने के खेत में बकरियां चरने लगी तो उन्होंने बच्चों को डांटकर उनसे कहा कि तुमने मेरी गन्ने की फसल बकरियों को चरवा दी है इसलिए तुम्हारे घर पर शिकायत करेंगे। बस तीनों बच्चे शिकायत के डर से घबरा गये और घर नहीं पहुंचे और बकरियां घर पर पहुंच गई। बकरियों के घर पर पहुंचने के बाद जब बच्चे नहीं पहुंचे तो तीनों बच्चों की तलाश शुरू हो गई। पहले बच्चों के परिजन बच्चों को ढूंढने के लिए निकले। जब पूरे गांव और आसपास बच्चे नहीं दिखाई दिए तब गांव वालों को परिजनों द्वारा सूचना दी गई। बड़ी संख्या में मोटरसाइकिलें लेकर गांव के लोग आसपास के गांवों, खलिहानों, बागों आदि स्थानों पर तलाश करते रहे परंतु बच्चों का कोई पता नहीं चला। ग्राम वासियों द्वारा पुलिस को भी तीन बच्चों के गायब होने की सूचना दी गई। पुलिस ने भी बच्चों की तलाश का प्रयास किया। सुबह तकरीबन तीन बजे के आसपास जब तीनों बच्चों को प्यास लगी तो पानी पीने के लिए नटबीर बाबा के सड़क स्थित स्थान पर पहुंचे जहां पर गांव के पुजारी ने बच्चों को देखा और रोक लिया। तत्काल परिजनों को सूचना दी गई।

# बैंक कर्मियों पर गबन का आरोप

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे की एक्सिस बैंक में एक खाताधारक ने खाते से अटैच मोबाइल नंबर बदल कर खाते से एटीएम के माध्यम से एक माह में ढाई लाख का गबन करने का बैंक कर्मियों पर आरोप लगाते हुए कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी इस मामले में अभी तक रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की है। पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

कस्बे के मोहल्ला गिलजई निवासी रियासत अली ने बताया उसका एक्सिस बैंक की कस्बा स्थित शाखा में सेविंग अकाउंट 915010009201521 है, वह दिल्ली में काम करता है। उसके खाते में उसका 9718025714 मोबाइल नंबर अटैच था। 28 जून 23 से 20 जुलाई 23 तक एक माह में उसके खाते से दो लाख सरसठ हजार रुपए बैंक कर्मियों की मिली भगत से गबन कर लिए गए। वह इस पैसे से अपना मकान निर्माण करना चाहता था। जब वह पैसे निकालने बैंक गया तो बैंक कर्मी ने बताया उसके खाते में पैसे नहीं हैं। पूछने पर बैंक वालों ने बताया 8756332136 नंबर पर मैसेज गया है। एटीएम से पैसा निकाला गया है। पीड़ित ने बैंक वालों पर दूसरा नंबर उसके खाते से अटैच करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर एक माह बाद भी पीड़ित की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक और साइबर सेल में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर बैंक के शाखा प्रबंधक से पूछताछ की जा रही है। शाखा प्रबंधक ने उच्च ऑफिस में पीड़ित के खाते का पूरा डिटेल देने के लिए पत्र लिखा है। उनका जवाब आने के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

### बाइक की टक्कर से पल्लेदार घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मौलागंज बस स्टेशन पर एक तेज रफ्तार बाइक ने पल्लेदार के टक्कर मार दी जिससे पल्लेदार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी हालत में पल्लेदार को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे गंभीर स्थिति में हरदोई रेफर किया गया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोगीपुर नौसारा बबलू (35) बस स्टैंड पर किसी कार्य से गया था। अचानक तेज रफ्तार बाइक ने उसके टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

# बेटी की ससुराल जा रहे पिता की ट्रेन में बिगड़ी हालत, मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** पत्नी और पोती को साथ लेकर बेटी की दिल्ली स्थित उसके ससुराल जा रहे बिहार निवासी बुजुर्ग पिता की सम्पूर्ण क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन में मौत हो गई। जिसके चलते नान स्टाप एक्सप्रेस ट्रेन को हरदोई स्टेशन पर रोका गया और जीआरपी ने शव को नीचे उतारा।

जानकारी के अनुसार बिहार के पैयनिया टोला थाना चकिया ज़िला मोतीहारी निवासी सैय्यद जलालुद्दीन (80) शुक्रवार को अपनी पत्नी आसमा बेगम और पोती साबिया के साथ सम्पूर्ण क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली अपनी बेटी नूरैशा खातून के घर जा रहे थे। बताते है कि ट्रेन शनिवार की भोर पहर लखनऊ से आगे बढ़ी,उसी बीच बुजुर्ग ने अपना सिर अपनी पत्नी की गोद में रख लिया और उसी बीच उसकी मौतहो गई। इसका पता होने पर ट्रेन में हड़कंप मच गया। नान स्टाप एक्सप्रेस ट्रेन को हरदोई स्टेशन पर रोका गया। वहां जीआरपी ने शव को ट्रेन से नीचे उतार कर मेडिकल कालेज पहुंचाया।

## सार-संक्षेप

### हाईवे पर कार ने बाइक में मारी टक्कर, एक ही मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** लखनऊ-बरेली नेशनल हाई-वे पर तेज़ रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की वहीं पर मौत हो गई, साथ ही कार में फंसा दूसरा युवक तकरीबन 500 मीटर दूर तक घसिटता चला गया। उसी बीच ड्राइवर कार ले कर वहां से भाग गया। दूसरे गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पुलिस की मदद से सीएचसी ले जाया गया। बताया गया है कि शनिवार को लखनऊ-बरेली हाई-वे पर पिहानी कोतवाली के जहानीखेड़ा भुवनेश्वर नाथ मंदिर के करीब एक तेज़ रफ्तार कार की टक्कर लगने से बाइक सवार श्याम कुमार निवासी सलेमपुर कोतवाली पिहानी की वहीं पर मौत हो गई। साथ ही उसी के गांव का अमन कार में फंस कर 500 मीटर तक घसिटता चला गया, जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। ड्राइवर कार ले कर वहां से भाग निकला। ज़ख्मी हुए अमन को लखीमपुर खीरी की पसिगवां सीएचसी भेजा गया। बताते है कि श्याम कुमार और अमन दोनों शनिवार की शाम को बाइक से किसी काम से जहानीखेड़ा जा रहे थे,उसी बीच रास्ते में हादसे का शिकार हो गए।

### दिल्ली से गांव वापस लौटे युवक ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** चार रोज़ पहले ही दिल्ली से गांव लौटे युवक ने गांव के बाहर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। उसकी मां का कहना है कि घर आने के बाद से उलझा-उलझा रह रहा था,उसने पूछने पर भी कुछ नहीं बताया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच की जा रही है। बेनीगंज कोतवाली के डही निवासी 20 वर्षीय अशोक कुमार पुत्र भोले राम ने शुक्रवार की रात में गांव से पश्चिम में रामलखन के खेत में खड़े गूलर के पेड़ में रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। उधर काफी देर से अशोक के घर न पहुंचने पर पिता भोलेराम उसे ढूंढने लगा,उसी बीच गांव में पश्चिम उसका शव फांसी पर लटका देखा गया। मां शिवदेवी ने रोते हुए बताया कि अशोक चार रोज़ पहले ही गांव आया हुआ था, वहां के आने के बाद वह काफी उलझा हुआ रहने लगा,कई बार पूछा गया, लेकिन उसने कुछ भी नहीं बताया। गांव वालों का कहना है कि दिल्ली में रहते हुए वहीं कुछ ऐसी बात हुई होगी, जो उसकी उलझन की वजह बनी। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं एसएचओ बेनीगंज संजय त्यागी का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है,उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अशोक अपने घर का इकलौता था,उसकी दो बहनें है। जैसा कि बताया गया है कि मां शिवदेवी और पिता भोलेराम अशोक को दिल्ली नहीं जाने दे रहे थे,लेकिन उसकी ज़िद के आगे उन्हे मजबूरी में उसे अपने से इतनी दूर जाने दिया गया। अशोक न सिर्फ अपने मां-बाप बल्कि दोनों बहनों का चहीता था।



क्षतिग्रस्त पुलिया। अमृत विचार

### पुलिया क्षतिग्रस्त, दुर्घटनाओं की आशंका

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के मझिला गांव से पिस्तिया होकर पारा कारवां जाने वाला मार्ग विभागीय शिथिलता के कारण क्षतिग्रस्त है। इस मार्ग पर पड़ने वाली देवरास गांव में नाला माइनर की पुलिया पूर्णतया ध्वस्त हो चुकी है। क्षेत्रीय नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के चलते विकास खंड टोडरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिस्तिया जाने के लिए पूर्व दिशा मार्ग पर देउरास नाला माइनर पर बनी पुलिया लगभग दो वर्षों से क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण दो पहिया और चौपहिया वाहनों के आवागमन बाधित है, तो वहीं इसी पिस्तियां गांव के पश्चिम दिशा की ओर जाने वाले मार्ग की गंदा नाला की पुलिया लगभग 20 दिनों से क्षतिग्रस्त होने के चलते आवागमन बाधित होने से पिस्तिया गांव जाने के लिए कोई भी मार्ग ऐसा नहीं है। जिसपर गांव के भारी वाहन निकल सके। कुछ दिनों के बाद बरसात का मौसम शुरू हो जाएगा। यदि समय रहते मार्ग की मरम्मत नहीं की गई तो बरसात के समय में पूर्णरूप से दो पहिया या चौपहिया वाहन से गांव में या गांव से बाहर आने जाने में लोगों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करने से इंकार नहीं किया जा सकता है। विकास खंड के जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते गांव वाले त्रस्त है।

### बाइक सवार साले-बहनोई को ट्रक ने मारी टक्कर

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक अपने बड़े बहनोई के साथ दिल्ली जा रही बहन को उसके घर पर छूट गया सामान देने के लिए बाइक से रेलवे स्टेशन आ रहा था, उसी बीच इटौली पुल के पास हादसे में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। उन्हे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां से बहनोई को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। शुक्रवार को बेनीगंज कोतवाली के गिरई खेड़ा निवासी 30 वर्षीय पुष्पेंद्र पुरवा राकेश की बहन और बहनोई पिंटू दिल्ली जा रहा था। उसका कुछ सामान गिरई खेड़ा में ही छूट गया था, पिंटू के कहने पर पुष्पेंद्र अपने बड़े बहनोई तुलसीराम (32) निवासी हुसैनपुर थाना बघौली के साथ बाइक से सामान लेकर बाइक से आ रहा था। रास्ते में सीतापुर रोड पर इटौली पुल के पास ट्रक से टकरा कर दोनों घायल हो गए। जिन्हे आनन-फानन में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां के डाक्टरों ने बहनोई तुलसीराम को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया, जबकि उसके साले का मेडिकल कालेज में ही इलाज हो रहा है।

# थाने से घर लौटे अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

हरियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** भाई के न रहने के बाद अधेड़ उसकी पत्नी के साथ पति की तरह रह रहा था। दोनों के बीच कुछ कहासुनी हो गई। जिसकी शिकायत करने पर शुक्रवार को दोनों पूछताछ के लिए थाने बुलाए गए। वहां से लौटने के बाद अधेड़ ने शनिवार की सुबह अपने मकान की दूसरी मंज़िल के कमरें में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

हरियावां थाने के कसियापुर मजरा शाहपुर बिनौरा निवासी इंस्पेक्टर पाल (47) ने शनिवार की सुबह मकान की दूसरी मंज़िल के कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम वहां जांच करने में जुट गई। बताया गया है कि इंस्पेक्टर पाल की शादी नहीं हुई थी। करीब तीन साल पहले उसके भाई बैरिस्टर पाल की करंट लगने से मौत हो गई थी। उसके बाद से वह भाई की पत्नी के साथ पति की तरह रहने लगा था। कुछ दिन पहले दोनों के बीच कहासुनी होने पर भौजाई अपने बच्चों के साथ मायके चली गई थी और उसी ने थाने में शिकायत कर दी। शुक्रवार को दोनों पूछताछ के लिए थाने बुलाए गए और वहीं से इंस्पेक्टर घर लौट आया और उसकी भौजाई अपने मायके चली गई थी। माना जा रहा है कि उसी के चलते इंस्पेक्टर पाल ने ऐसा कदम उठाया। उसके भाई कलेक्टर पाल की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसएचओ हरियावां का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**प्रतियोगिता** – सीसीए पुवायां व रामकली क्रिकेट अकादमी के बीच हुआ क्रिकेट मैच

# सीसीए पुवायां के अनय को मैन आफ द मैच

हरदोई

**अमृत विचार।** स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को हरदोई हैरिटेज कप का 13वां मैच सीसीए पुवायां व रामकली क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। मैच में टॉस रामकली क्रिकेट अकादमी के कप्तान मिचेल जॉनसन ने जीता तथा पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीसीए पुवायां की टीम 1.5 ओवर ही खेल पाई थी कि मैच में बारिश होने लगी, जिस कारण पिच गीली हो गई तथा मैच में विलंब के कारण दोनो टीमों के निर्धारित 40 ओवर में 15-15 ओवर की कटौती की गई और यह मैच 25-25ओवर का खेला गया। सीसीए पुवायां की टीम ने निर्धारित 25 ओवर में 5 विकेट खोकर 169 रनों का स्कोर खड़ा किया। सीसीए पुवायां की तरफ से अंकित 40 रन, रंजीत 38 रन, अनय चौहान 37 रनों का योगदान किया। रामकली क्रिकेट अकादमी की तरफ से मिचेल जॉनसन, विवेक सिंह, नरेंद्र कुमार, प्रिंस त्रिपाठी ने 1-1 विकेट लिया व एक खिलाडी रन आउट हुआ। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी रामकली क्रिकेट अकादमी की टीम 25 ओवर मे 8 विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी ! रामकली क्रिकेट अकादमी की तरफ से आकाश पासवान 58 रन, शिवम 48 रनो का योगदान किया । सीसीए पुवायां की तरफ से अनय चौहान 3 विकेट, इंजमाम 2 विकेट, रंजीत को 1 विकेट मिला व 2 खिलाड़ी रन आउट हुए। इस प्रकार इस मैच में सीसीए पुवायां ने 10 रनो से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शौर्य वर्धन दुबे के द्वारा सीसीए पुवायां के अनय चौहान को मिला। इस प्रतियोगिता का 14वां मैच बुधवार को सुबह आठ बजे से खेला जाएगा। मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा व मो. हफीज ने की तथा स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की।



मैच के दौरान शॉट लगाता बैट्समैन। अमृत विचार

# खेत बिकने से मिले पैसों को लेकर घर में मारपीट

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम भदासी में खेत बेचने पर मिले रुपए के विवाद में पत्नी ने पुत्र के साथ मिलकर पिता दूसरे पुत्र और बहू को मारपीट कर घायल कर दिया।घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदासी निवासी देशराज पुत्र पुत्तू लाल ने बताया वह इको गाड़ी किराए पर चलवाता है। उसके तीन पुत्र राजीव, सूरज और गोविंद हैं। राजीव और सूरज गांव में ही अलग अलग मकान में रहते हैं।गोविंद दिल्ली में रहता है।उसपर पांच लाख से ऊपर कर्ज था जिसकी अदायगी के लिए उसने अपना दो बीघा खेत पांच लाख रुपए में बेच दिया। बकौल देशराज उसकी पत्नी रेनू उस रुपए में आधे रुपए मांग रही थी। उसने कहा वह कर्ज वाले को सारे रुपए दे आया है। इस बात पर रेनू ने नाराज होकर खाना देना बंद कर दिया।उसका पुत्र राजीव खाना देने लगा। इस बात पर उसकी पत्नी रेनू, पुत्र सूरज के साथ मिलकर डंडे से उसे पीटने लगे शोर सुनकर उसका पुत्र राजीव और उसकी पत्नी गुड्डी उसे बचाने आए तो उन्हें भी मारा पीटा। पत्नी ने बहू गुड्डी के गाल में काट काट लिया। जिससे वह भी घायल हो गई। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## एक नजर

### कल व 20 मई को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु विभिन्न चरणों में निर्वाचन के प्रयोजनार्थ मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने मतदान दिवस 13 एवं 20 मई को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया। अवकाश के दिनों में कोषागार एवं उपकोषागार भी बन्द रहेंगे।

### घर से नकदी व जेवर चोरी

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुशियाना में चोरों ने एक घर से नकदी सहित जेवर कपड़े चोरी कर लिये। ग्राम मुशियाना निवासी राम प्रताप मौर्य ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीती रात अज्ञात चोरों ने दीवार के सहारे चढ़कर मकान के अंदर कमरे में बक्से में रखे 10 हजार रुपए, कपड़े, अंगूठी, पायल, बूंदा व चांदी की राखी आदि सामान चोरी कर फरार हो गए। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### दिव्यांग युवती लापता

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम से एक दिव्यांग नवयुवती फरार हो गई। कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया है कि, उसकी दिव्यांग 25 वर्षीय पुत्री को कोतवाली तालगांव क्षेत्र के एक ग्राम का नवयुवक विगत सोमवार को बहला फुसलाकर भगा ले गया है, सभी स्थानों पर पता करने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका है। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि, पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लापता युवती का पता लगाया जा रहा है।

### महान दल ने भाजपा प्रत्याशी को दिया अपना समर्थन

**सीतापुर, अमृत विचार।** मतदान का दिन करीब है। सारे प्रत्याशी पूरा जोर लगाये हैं, लेकिन इंडिया गठबंधन को लगातार एक के बाद एक झटके मिल रहे हैं। महान दल ने भाजपा को समर्थन दे दिया है। जिला प्रभारी महान दल पारस नाथ मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी का सीतापुर से कोई प्रत्याशी नहीं उतारा गया है। इसलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष महान दल केशव देव मौर्य ने सीतापुर में अपना समर्थन भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा को देने का फैसला किया है।

# तरबूज की खेती व जमीन तो नहीं बनी परिवार के लिए हत्या की वजह

## एक ही घर में छह मौतों का राज : युवक के साले ने मृतक के भाई पर गहराया शक, तीन घंटे में पुलिस ढूंढ पाई वारदात में प्रयुक्त असलहा

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर मथुरा**

- लखनऊ में महिला और तीन बच्चों का होगा अंतिम संस्कार
- मां और किसान अनुराग का गांव में होगा अंतिम संस्कार


घटनास्थल पर पुलिस टीम से जानकारी लेते एसपी चक्रेश मिश्र।


घर की छत पर ग्रामीणों और परिजनों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना इलाके में शनिवार को हुई एक ही परिवार के छह मौतों की गुत्थी किसी के गले नहीं उतर रही है। चंद घंटों में एक परिवार की खुशियां तबाह हो गई, लेकिन पुलिस की थ्योरी पर परिजनों ने सवालिया निशान खड़े किये है। हत्याकांड मामले में मृतक अनुराग के साले आदित्य के आरोपों ने नया मोड़ ले लिया है। साले आदित्य ने बड़ा खुलासा करते पुलिस की जांच को भी सवालों के घेरे में डाल दिया है। आदित्य सिंह का कहना है कि जिस समय हत्याकांड को अंजाम दिया जा रहा था उस समय घर में छह लोग नहीं सात लोग मौजूद थे। घटना के समय घर पर अनुराग के साथ उनका छोटा भाई अजित सिंह भी घर पर ही मौजूद था, लेकिन उसे घटनाक्रम की जानकारी तक न होना स्वयं में सवालियां निशान खड़े कर रहा है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पाल्हापुर निवासी अनुराग सिंह (45) वर्ष पुत्र स्व. वीरेंद्र सिंह पेशे से उन्नतशील किसान थे। सिविल सर्विसेज की तैयारी के बाद खेती में रूचि होने के चलते वापस आकर अपने पिता की खेती में मदद करते थे। बताया जाता है कि शुक्रवार को पत्नी प्रियंका अपने तीन बच्चों बेटी आर्ना (12), आरवी (8) और पुत्र आद्विक (5) के साथ लखनऊ से रामपुर मथुरा अपने गांव आकर पति अनुराग के घर पहुंची थी। ग्रामीणों ने बताया कि शराब के नशे में शुक्रवार देर शाम दोनों के बीच विवाद शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। देर रात युवक अनुराग की मां, पत्नी और तीन बच्चों की हत्या के बाद युवक ने कमरे में गोली मारकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने क्राइम सीन को सील कर मृतक से भाई अजीत सिंह से घटनाक्रम की पूछताछ के बाद मृतक अनुराग पर पत्नी तीन बच्चों और मां की हत्या का आरोपी माना। पुलिस ने भाई की तहरीर पर मृतक अनुराग के खिलाफ केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। शनिवार देर रात तक मृतकों का पोस्टमार्टम कार्रवाई चलती रही है। परिजनों ने परिवार की मौतों पर सवाल खड़े किये है। मौत की गुत्थी अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ हद तक साफ हो सकेगी।

### घंटों तक पुलिस ढूंढ नहीं पाई असलहा

एक परिवार के छह लोगों की मौत में प्रयुक्त तमंचे को रामपुर मथुरा पुलिस वारदात के बाद तीन घंटों तक नहीं बरामद कर पाई। गनीमत रही की मौके पर पहुंचे एसपी चक्रेश मिश्र के घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान ही फौरन घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा बरामद कराया। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद असलहा मौके पर हाथ में न मिलना भी कई सवाल खड़े कर रहा है। पुलिस मामले की ग्रामीणों और परिजनों के बयानों के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस ने छानबीन के दौरान मौके से दो कारतूस के खोखे बरामद किये है।

### सीएमएस स्कूल में पढ़ते थे तीनों बच्चे

मृतका प्रियंका एमसीए की पढाई कर अपने तीनों बच्चों के साथ लखनऊ के जानकीपुरम स्थित सरगम कॉम्प्लेक्स में रहती थी। बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए प्रियंका ने तीनों बच्चों को लखनऊ में सीएमएस की अलीगंज ब्रांच में एडमिशन कराया था। पत्नी बच्चों की देखरेख के साथ स्वयं ही बजाज लाइफ इंश्योरेंस में काम करती थी। गुरुवार को स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चों को लेकर वह शुक्रवार को गांव पहुंची थी।

### 100 बीघा जमीन पर करता था खेती

मृतक अनुराग के पिता उन्नतशील किसान थे। पिता की प्रेरणा से अनुराग भी खेती में रूचि लेता था और करीब 20 बीघा जमीन पर तरबूज की खेती कर रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि तरबूज की अच्छी फसल होने के चलते ही गुरुवार को अनुराग ने एक ट्रक तरबूज फसल की बिक्री की थी। बताया जाता है कि तरबूज की बिक्री के बाद परिवार में भाइयों के बीच विवाद हुआ था। मृतका के भाई आदित्य का आरोप है कि तरबूज के पैसों को लेकर भी आशंका है कि भाई अजीत ने घर में मां के सामने विवाद किया था।

### पिता की मौत के बाद शुरू हुआ विवाद

**सीतापुर, अमृत विचार।** मृतका प्रियंका के भाई आदित्य ने बताया कि अनुराग के पिता की मौत वर्ष 2023 में होने के बाद घर में खेती की जमीन को लेकर अक्सर भाइयों में विवाद चलता रहा था। कई बार इस विवाद में प्रियंका भी सामने आई थी, लेकिन पिता की मौत के बाद जमीन का विवाद लगातार चल रहा था। मृतक की एक बहन निशा का भी रो-रो कर बुरा हाल था। बहन निशा की शादी भी वर्ष 2016 में हुई थी।

### भाई की अकेले घर में मौजूदगी खड़े कर रही सवाल!

मृतक अनुराग के साले आदित्य ने बताया कि अनुराग का छोटा भाई अजीत रामपुर मथुरा इलाके के ग्राम बरईजगतपुर में टीचर के पद पर तैनात है। वह महमूदाबाद स्थित सरोजनी वार्ड में मकान पर रहते है। शुक्रवार को अजीत भी पत्नी और बच्चों को छोड़कर गांव अकेले पहुंचे थे। घटना के दौरान वह गोली की आवाज सुनकर कमरे में बंद हो जाना परिजनों के गले नहीं उतर रहा है।


मृतक अनुराग का साला आदित्य व पीएम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

### 14 साल पहले हुआ था विवाह

लखनऊ के गोमती नगर निवासी आदित्य सिंह ने बताया कि बहन प्रियंका की शादी अनुराग के साथ 14 वर्ष पहले हुई थी। आदित्य ने बताया कि अनुराग शराब अधिक पीते थे, लेकिन कभी पत्नी और बच्चो को डांटा और फटकारा भी नहीं था तो इतनी बड़ी घटना को अंजाम कैसे दे सकते हैं। आदित्य के इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं है।

### आलीशान मकान में मिले अलग-अलग शव

परिजनों और ग्रामीणों की मानें तो अनुराग के पिता ने गांव में आलिशान मकान बनवा रखा था। शनिवार की सुबह ग्राउंड फ्लोर पर बने कमरे में बेड पर मां का शव, पहली मंजिल पर बने कमरे में अनुराग और पत्नी का पोर्च में पड़ी चारपाई पर शव मिला है। इसके साथ ही तीनों बच्चों के शव घर के बाहर पड़े थे। जिससे प्रतीत होता था कि बच्चों को छत से फेंका गया है।

### भाई अजीत देता कार की चाबी तो बच जाती बच्चों की जान

पाल्हापुर गांव में हुई एक ही परिवार के छह लोगों की विभत्स मौत ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। पाल्हापुर ग्राम पंचायत के गढ़ी गांव के रहने वाले प्रभाकर प्रताप सिंह की आस ने भी दम तोड़ दिया। प्रभाकर के पहने हुए कपड़े खून से लतपथ थे। उनका कहना था कि घटना की जानकारी होने पर वो आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचे। तभी घर के मुख्य द्वार के सामने में तीन बच्चे भतीजी आर्ना, आरवी और भतीजा आद्विक खून से लथपथ पड़े थे। उनके सर में चोटें थीं, मानो उनको छत से फेंका गया हो। प्रभाकर बच्चों के चाचा यानी अजीत से उनकी कार की चाबी मांगते रहे। मगर चाचा को तरस न आया और उन्होंने चाबी नहीं दी। प्रभाकर का कहना है कि करीब आधा घंटे तक उन्होंने चाबी मांगी, जब चाबी नहीं मिली तो उनको बच्चों के पिता अनुराग की कार की चाबी मिल गई। बच्चों को आनन फानन में सीएचसी महमूदाबाद ले जाया गया। तब तक आद्विक की सांसे थम गईं। उसके बाद प्रभाकर दोनो भतीजियों को लखनऊ ले कर रवाना हुए मगर तब तक देर हो चुकी थी, उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

### परिवार के डॉक्टर बोले- मानसिक रोगी नहीं था अनुराग

गांव में हुई वारदात के बाद आरोपी मृतक अनुराग के लखनऊ निवासी मित्र और परिवार के डॉ. जन्मेजय सिंह ने बताया कि अनुराग हाल दिनों पहले नवरात्र के दौरान आए थे। हालांकि वो शराब का सेवन तो करते थे मगर नवरात्र के दौरान उन्होंने शराब को हाथ नहीं लगाया था। अनुराग मानसिक रूप से विक्षिप्त नहीं थे। उनके परिवार से उनको नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करने की बात चल रही थी।

### पुलिस अधीक्षक ने मृतक को बताया मानसिक विक्षिप्त

पाल्हापुर गांव में हुई 6 लोगों की मौत ने पुलिस को भी गंभीर सवालों के कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने घटनास्थल और परिजनों बताया कि आरोपी मृतक अनुराग मानसिक रूप से विक्षिप्त था। जिसके कारण उसने कथित तौर पर खुद को गोली मारने से पहले अपने परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी।

### भाई की तहरीर पर मृतक पर ही दर्ज कर दिया केस

सीओ महमूदाबाद दिनेश शुक्ला ने बताया कि भाई अजीत की तहरीर पर मृतक अनुराग के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। परिजनों के आरोपों के आधार पर मृतक के भाई सहित ताऊ पर भी शक की सुई है। घटना की गहन जांच पड़ताल के लिए तीन टीमों को लगाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित अन्य बिन्दुओं पर गहनता से पड़ताल की जा रही है।

### उद्यान रत्न से मिला था सम्मान

परिजनों ने बताया कि मृतक अनुराग के पिता वीरेंद्र उन्नतशील किसान थे। आधुनिक खेती के चलते उन्हें यूपी सरकार ने उन्हें उद्यान रत्न से सम्मानित किया था। आधुनिक खेती की कहानी रामपुर मथुरा से निकलकर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में पहुंची तो करीब 37 आईएएस अफसरों ने किसान वीरेंद्र से घर पर संपर्क किया था। पिता की मौत के बाद विरासत को उनका बेटा अनुराग संजोये हुए था। उक्त परिवार की व्यापक स्तर पर खेती थी।

# कार को रोडवेज बस ने मारी टक्कर महिला की मौत, चार लोग घायल



हादसे में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** नहर चैराहे पर रोड पार कर रही कार में हरियाणा रोडवेज की बस ने टक्कर मार दी। जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ऐसे में पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी कसमंडा रवाना कर दिया, जहां डाक्टरों ने कार सवार महिला को मृत घोषित कर दिया।

हमीरपुर की तरफ से आ रही एक कार कस्बे के नहर चैराहे पर रोड पार कर रही थी, उसी दौरान लखनऊ से अम्बाला जा रही एक रोडवेज बस ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसमें बैठे वीरेंद्र 26 पुत्र बलवीर निवासी पताराकलां, उनकी पत्नी रानी तथा एक वर्षीय बालिका लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गयी। जबकि वहीं पर खड़ा ई-रिक्शा चालक मथुरा 35 पुत्र होरीलाल निवासी भट्ठापुरवा मजरा जयरामपुर घायल हो गया। वहीं बस में बैठे रूपेश 20 पुत्र मोहित निवासी टेढीघाट थाना पुरंदरपुर जिला महराजगंज घायल हो गया। इन लोगों को पुलिस ने तुरंत अपनी गाड़ी से सीएचसी कसमंडा पहुंचाया। जहां रानी को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बाकियों का इलाज सीएचसी कसमंडा पर किया गया। थाना प्रभारी कृष्ण बली सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, शेष कार्यवाही की जा रही है।

# लहरपुर-तंबौर मार्ग पर सड़क किनारे दो बहनों को ई-रिक्शा ने मारी टक्कर

## दुर्घटना

- गंभीर रूप से घायल एक युवती जिला अस्पताल रेफर
- ई-रिक्शा को पकड़कर आवश्यक कार्रवाई शुरू

**संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर**

**अमृत विचार।** लहरपुर-तंबौर मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरिया प्रहलादपुर के निकट गेट पर ई-रिक्शा की टक्कर से दो बहनें गम्भीर रूप से घायल हो गईं। जिसमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

शनिवार को लहरपुर तंबौर मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरिया प्रहलादपुर के निकट गेट पर पूनम पत्नी धीरज 28 वर्ष व उसकी बहन पूजा, 32 वर्ष, निवासी ग्राम निबौरी, अपने मायके निबौरी से लखीमपुर से दवा लेकर वापस आई थीं और सड़क के किनारे खड़ी होकर आइसक्रीम खा रही थीं, तभी एक ई-रिक्शा चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों बहनें गंभीर रूप से घायल हो गई, स्थानीय लोगों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर पूजा की हालत सामान्य होने पर छुट्टी दे दी। वहीं पूनम की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक व ई-रिक्शा को पकड़कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।


घटनास्थल पर लोगों की लगी भीड़। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### मतदान करें, देश के लोकतंत्र को मजबूत करें


मतदाता जागरूकता रैली निकालते कॉलेज के छात्र व अध्यापक। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं लोगों को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ओमकमल पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज लालपुर बाजार के छात्र छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली। विद्यालय प्रांगण से निकाली गई जागरूकता रैली को विद्यालय प्रबंधक ओमप्रकाश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर शनिवार को रवाना किया। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं मतदान अवश्य करें, पहले मतदान करें फिर जलपान करें जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर मतदान करें, मतदान करें के नारे लगाते हुए क्षेत्र के ग्राम लालपुर बाजार, पुडरिया समोलिया आदि ग्रामों का भ्रमण कर विद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। विद्यालय प्रांगण में आयोजित संगोष्ठी में, विद्यालय के प्रधानाचार्य दिव्य कृष्ण मिश्रा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं अभिभावकों और शिक्षकों को मतदान अवश्य करने के लिए जागरूक किया और कहा कि, स्वयं तो मतदान करें ही और लोगों को भी मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करें, क्योंकि आपके मत से ही भारत एक सशक्त राष्ट्र बनेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से अवधेश अवस्थी, ललित अवस्थी, सच्चिदानंद मिश्रा, सारिक अंकित मिश्रा, सुनील शुक्ल, प्राची, विनीत, गरुड़ ध्वज मिश्रा, राजेश मिश्रा, बसंत मिश्रा, राजेश वर्मा, कृष्ण कुमार मिश्रा सहित भारी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में किया जागरूक


लोगों को बाल विवाह न करने का संकल्प दिलाते संस्था के पदाधिकारी।

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** पेस संस्था के तत्वाधान में शनिवार को बाल विवाह को रोकने के लिए आयोजित किए गए जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराया गया। पेस संस्था ने क्षेत्र के प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर, बाबा जंगलीनाथ मंदिर व श्री रामलीला मैदान स्थित पक्के तालाब तीर्थ पर उपस्थित लोगों को बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। इस मौके पर पार्टिसिपेटरी एक्शन फॉर कम्युनिटी एंपावरमेंट (पेस) लखनऊ की सचिव राजविंदर कौर ने कहा कि देखा गया है कि देश में अक्षय तृतीया के मौके पर भारी संख्या में बाल विवाह कराए जाते हैं, उन्होंने बताया कि क्षेत्र में 11 बाल विवाह को अभियान चला कर रोका गया है। इस मौके पर जिला कोऑर्डिनेटर सर्वेश शुक्ला, नूर आलम, रहमत, उर्मिला, मीरा, संगीता सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस मौके पर संस्था ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करने का संकल्प दिलाया।

## लोक सभा चुनाव

**कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और उप्र कांग्रेस प्रभारी ने नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ की समन्वय बैठक**

# हमारी सरकार बनते ही किसानों का कर्जा होगा माफ : अविनाश

**सीतापुर, अमृत विचार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव और उप्र कांग्रेस प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने शनिवार को इंडिया गठबंधन के लोकसभा क्षेत्र सीतापुर, धौरहरा, बहराइच, लखीमपुर, मिश्रिख, हरदोई के कांग्रेस, सपा, आप पार्टी, शिवसेना, जनाधिकार पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी सहित अन्य सहयोगी दलों के नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बैठक की। उन्होंने लोकसभा सीतापुर से प्रत्याशी राकेश राठौर, धौरहरा से आनंद भदौरिया, लखीमपुर से उत्कर्ष वर्मा, मिश्रिख लोकसभा से संगीता राजवंशी, हरदोई से उषा वर्मा, बहराइच से लोकसभा प्रत्याशी रमेश गौतम के समर्थन में अपील की।



पार्टियों के जिलाध्यक्ष व पदाधिकारियों के साथ उप्र प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय। अमृत विचार

समन्वय बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे ने कहा कि मैं जननेता राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के संदेश को लेकर आया हूं। राहुल गांधी की देश के लोकतंत्र, संविधान को बचाने व देश की एकता भाईचारा के लिए 10700 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा-भारत जोड़ो न्याय यात्रा का पूरे देश में व्यापक असर पड़ा है। जनता भाजपा और मोदी की संविधान बदल कर लोगों के अधिकार और आरक्षण समाप्त करने की मंशा समझ गईं है, अब भाजपा के बहकावे में आने वाली नही 2024 लोकसभा चुनाव में जनता खुद चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सिर्फ आम लोकसभा चुनाव नहीं है, यह दो विचारों की लड़ाई है। एक संविधान के साथ खड़ी कांग्रेस और दूसरी संविधान को समाप्त करने की सोच रखने वाली भाजपा और आरएसएस है। कांग्रेस के प्रधानमंत्री देश की सेवा करते हुए शहीद हुए। जिनकी दादी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की शहादत हुई। जिस पार्टी के महात्मा गांधी की शहादत देश की एकता अखंडता के लिए हुई उस पार्टी के नेता और देश के प्रधानमंत्री शहीद प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पुत्र राहुल गांधी को शहजादा कहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी राहुल गांधी शहीद राजीव गांधी के शहीदजादा पुत्र हैं न कि शहजादा।

अविनाश पांडे ने कहा कि न्याय पत्र में हमने वादा किया है है कि 2024 में कांग्रेस इंडिया गठबंधन सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफ किया जायेगा। अग्निवीर योजना को तुरंत रद्द किया जायेगा और सेना की पुरानी भर्ती प्रक्रिया फिर से लागू की जायेगी। देश की आधी आबादी महिलाओं के प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को एक लाख रुपए मिलेंगे और सरकारी नौकरी में 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। कांग्रेस जातीय जनगणना कराएगी।

समन्वय बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष शरद मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। समन्वय बैठक में सपा जिला अध्यक्ष क्षत्रपाल यादव, आप पार्टी जिला अध्यक्ष आनद जायसवाल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष शरद मिश्रा, कोषाध्यक्ष शिव पांडे प्रदेश प्रवक्ता/बुंदेलखंड मीडिया चुनाव प्रभारी अंशू अवस्थी, मीडिया प्रभारी प्रवक्ता सचिन रावत उपस्थित रहे।

